भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 855

09.02.2023 को उत्तर के लिए

देश में झीलों को पुनरूज्जीवित किया जाना

855. श्री एस. निरंजन रेड्डी:

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत पांच वर्षों में देश में सूख गई झीलों/शहरी जल निकायों की संख्या कितनी है, तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) राष्ट्रीय जलीय पारिस्थितिक तंत्र संरक्षण योजना (एनपीसीए) के प्रारंभ से अब तक इसके अंतर्गत पुनरूज्जीवित की गई झीलों की संख्या कितनी है, तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) देश में प्रदूषित पाई गई झीलों/शहरी जल निकायों की संख्या कितनी है, तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क) ऐसे वैज्ञानिक आंकड़े रिकार्ड में उपलब्ध नहीं है।

(ख) राष्ट्रीय जलीय पारि-प्रणाली संरक्षण योजना (एनपीसीए) स्कीम के प्रारंभ से अब तक उक्त स्कीम के तहत झील संरक्षण परियोजनाओं के लिए 66 झीलों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। एनपीसीए स्कीम के तहत शामिल की गई झीलों और उनके लिए जारी की गई निधियों का ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ग) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड/समितियों के सहयोग से राष्ट्रीय जल गुणवत्ता निगरानी कार्यक्रम (एनडब्ल्यूएमपी) के अंतर्गत 599 स्थानों में झीलों**,** तालाबों और कुण्डों के संबंध में किए गए जल गुणवत्ता आकलन करने पर यह पाया गया कि 498 स्थानों में खुले में स्नान संबंधी प्राथमिक जल गुणवत्ता मानदंडों को पूरा नहीं किया जा रहा था। मानदंडों को पूरा न करने वाले स्थानों के आंकड़ों का राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध-II** में दिया गया है।

*****

अनुबंध-I

<u>एनपीसीए के तहत अनुमोदित झील संरक्षण परियोजनाओं का राज्य-वार ब्यौरा</u>

(31.03.2022 से) *(करोड़ रूपए में)*

क्र.सं.	**राज्य**	**झील का नाम और स्थान**
1	बिहार	मोती झील, मोतिहारी
2	जम्मू और कश्मीर	डल झील, श्रीनगर
3	कर्नाटक	बैंगलौर में वेंगैयांकेरे झील
		बैंगलौर में नागवरा झील
		बेंगलौर में जरागनहल्ली झील
		कोटेकेरे झील, बेलगाम
		भीष्म झील, गडग
		बैंगलौर में लाल बाग
		गुलबर्गा में शरणभस्वेश्वर झील
		हावेरी में अक्कमहादेवी झील
		कुंडावाड़ा झील, दावणगेरे
		कोटे तवारेकेरे झील, चिकमंगलूर
		त्रिपुरांतकेश्वर झील, बीदर
		बंगलौर में बेलंदूर झील
		हसन में चन्नापटना झील
		ग्रामीण बंगलौर के मगदी शहर में गौरम्मा झील
		बैंगलौर के मगदी शहर में होम्बलाम्मा झील
		अमनिकेरे झील, तुमकुर
4	केरल	वेलियाक्कुलम झील, तिरुवनंतपुरम
5	मध्य प्रदेश	रानी तालाब, रीवा
		सागर झील, सागर
		शिवपुरी झीलें, शिवपुरी
		सिंधसागर झील, अशोकनगर
		अमृतसागर
6	महाराष्ट्र	पवई झील, मुंबई
		ठाणे में 9 झीलें (i) रेवाले झील (ii) जेल झील (iii) मखमली झील (iv) खरेगांव झील (v) कुसा झील (vi) उपवन झील (vii) कासरवदावली झील

		(viii) नार/ओवल झील (ix) खिदकली झील
		महालक्ष्मी झील, वडगांव
		रंकला झील, कोल्हापुर
		वरहला देवी झील, भिवंडी
		सिद्धेश्वर झील, सोलापुर
		कोराडी झील, नागपुर
		धरणवीर संभाजी
7	नगालैंड	मोकोकचुंग में दो जुड़वां झीलें (2 झीलें)
8	ओडिशा	बिन्दुसागर झील, भुवनेश्वर
9	राजस्थान	मानसागर झील, जयपुर
		आनासागर झील, अजमेर
		पुष्करसरोवर, अजमेर
		फतेहसागर झील, उदयपुर
		पिछोला झील प्रणाली, उदयपुर
		नक्की झील, माउंट आबू
10	तमिलनाडु	ऊटी झील
		कोडाईकनाल झील, डिंडीगुल
11	तेलंगाना	बंजारा झील, हैदराबाद
12	त्रिपुरा	(अगरतला की 3 झीलें) (i) दीमासागर झील (ii) लक्ष्मीनारायणबाड़ी झील (iii) दुर्गाबाड़ी झील
13	उत्तराखंड	(नैनीताल में 4 झीलें) (i) भीमताल झील (ii) नौकुचियाताल झील (iii) सातताल झील (iv) खुर्पाताल झील
		नैनीताल झील, नैनीताल
14	उत्तर प्रदेश	मानसी गंगा सरोवर, गोवर्धन
		रामगढ़ ताल, गोरखपुर
		लक्ष्मी ताल, झांसी
15	पश्चिम बंगाल	रबींद्र सरोवर
		मिरिक झील, दार्जिलिंग
		आदि गंगा, दक्षिण 24 परगना
		साहिब बांध, पुरुलिया

अनुबंध II

वर्ष 2021 के दौरान खुले में स्नान संबंधी प्राथमिक जल गुणवत्ता मानदंडों को पूरा न करने वाले स्थानों (तालाबों, झीलों और कुण्डों) की राज्य-वार संख्या

राज्य	स्थानों की संख्या
आंध्र प्रदेश	4
असम	34
बिहार	5
चंडीगढ़	1
छत्तीसगढ़	1
दिल्ली	3
गोवा	8
गुजरात	15
हरियाणा	4
हिमाचल प्रदेश	2
जम्मू और कश्मीर	28
झारखंड	3
कर्नाटक	152
केरल	14
लक्षद्वीप	3
मध्य प्रदेश	21
मणिपुर	18
मेघालय	5
मिजोरम	2
नगालैंड	2
ओडिशा	12
पुडुचेरी	2
पंजाब	1
राजस्थान	17
तमिलनाडु	6
तेलंगाना	120
त्रिपुरा	2
उत्तर प्रदेश	4
पश्चिम बंगाल	9
कुल योग	**498**